Bareilly, Saturday,
6 June 2020
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- 2/-
Outside Bareilly City.- 3/-
Pages 10

दैनिक जागरण

i-next

PAGE No. 02 : LEFT BOTTOM

पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार 22 से

विज्ञान शिक्षिका बर्खास्त, बागपत में एफआइआर भी दर्ज

LUCKNOW (5 June): डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) में कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा फेज-2 के साक्षात्कार 22 जून से होंगे. डीन (पीजी) प्रो. एमके दत्ता ने बताया लॉकडाउन के कारण इंटरव्यू नहीं हो पाए थे. 22 से 24 जून को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए साक्षात्कार होंगे. अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट aktu.ac.in पर विजिट कर सकते हैं.

एकेटीयू का करार

शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एकेटीयू और एक निजी कंपनी के बीच एमओयू किया गया. प्रवक्ता ने बताया कि एमओयू का उद्देश्य विवि के सम्बद्ध संस्थानों के सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को मुफ्त इंटर्नशिप प्रदान करना है. प्रो. विनीत कंसल ने कहा कि हेयर इंडिया से विवि द्वारा करार किया गया है.